RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 111 • 04:05:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

# दूसरों को सुनाते थे सजा, आज खुद कठघरे में

## एससी ने बुरी तरह फटकारा, फिर थमा दिया अवमानना का नोटिस



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के दो सदस्यों को कड़ी फटकार लगाई है और उन्हें अवमानना का नोटिस थमाया है। शीर्ष अदालत ने एक रियल एस्टेट फर्म के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई करने से परहेज करने के अपने 1 मार्च के आदेश का उल्लंघन करने के खिलाफ ये आदेश दिया है। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ के सामने आयोग के सदस्य सुभाष चंद्रा और डॉ. साधना शंकर खुद पेश हुए थे। इन दोनों ने शीर्ष अदालत के स्थगन आदेश के बावजूद रियल एस्टेट कंपनी के निदेशकों को गैर-जमानती वारंट जारी किए थे। आयोग के दोनों सदस्यों को पीठ ने कड़ी फटकार लगाई और पूछा कि स्थगन के बावजूद आपने गैर जमानती वारंट कैसे जारी किया। इसके साथ ही खंडपीठ ने पूछा कि आप दोनों अदालत को यह बताएं कि आपके खिलाफ अदालत की अवमानना की कार्यवाही क्यों न शुरू की जाए। हालांकि, दोनों सदस्यों ने हलफनामा दायर कर कोर्ट को बताया कि उनसे अनजाने में ये गलती हुई है लेकिन टॉप कोर्ट इससे संतुष्ट नहीं हुआ। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, आज की सुनवाई के दौरान पेश हुए एनसीडीआरसी के दोनों सदस्यों और उनके वकील अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी से बातचीत के बाद भी पीठ उनके स्पष्टीकरण से संतुष्ट नहीं हुई। उनकी दलीलें सुनने के बाद जस्टिस अमानुल्लाह ने अटॉर्नी जनरल से कहा,आपका हम सम्मान करते हैं, इसलिए आपसे सीधे सवाल पूछ रहे हैं। क्या आप अभी भी अपने हलफनामे पर टिके हैं। हां या नहीं, क्योंकि इसके गंभीर दंडात्मक परिणाम होंगे, हम इसे अवहेलना मानते हैं... आपको इस बारे में सावधान रहना होगा कि आप कहां किस पेपर पर हस्ताक्षर करते हैं! इसके बाद अटॉर्नी जनरल ने आयोग के दोनों सदस्यों की तरफ से कोर्ट से माफी मांगी और फिर कहा कि उन्होंने जानबूझकर ये गलती नहीं की है। अटॉर्नी जनरल ने कहा, मैं ईमानदारी से और बिना शर्त माफी मांगता हूं । कृपया किसी भी बात को जानबूझकर नहीं समझें। हो सकता है कि मैं यह बताने में विफल रहा हूं।

## नहीं मिल रहा साथ बंगाल पुलिस बाधा डाल रही मीलॉर्ड

- संदेशखाली केस में सीबीआई ने कलकत्ता हाईकोर्ट में की शिकायत




कोलकाता (एजेंसी)। संदेशखाली कांड को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार से मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के साथ सहयोग करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखली में केंद्रीय जांच एजेंसी को सहयोग करने के लिए राज्य सरकार अधिक पुलिस बल को भेजे। अदालत की निगरानी में हो रही जांच पर सीबीआई की अंतरिम रिपोर्ट पर हुई सुनवाई में शामिल वकीलों ने यह बात बताई। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने सीबीआई से शाहजहां शेख पर आरोप लगाने वाली महिलाओं के बीच विश्वास पैदा करने और महिला अधिकारियों को संदेशखली भेजने के लिए भी कहा। बता दें सीबीआई ने अदालत के सामने उल्लेख किया कि वह जमीन हड़पने की शिकायतों की ठीक से जांच नहीं कर पा रही है, क्योंकि राज्य के अधिकारी सहयोग नहीं कर रहे हैं।

## महिला का रेप-मर्डर 4 दिन बाद आरोपी का घर फूंका

- 6 महीने की प्रेग्नेंट थी पीड़िता



दौसा (एजेंसी)। प्रेग्नेंट महिला से रेप और उसकी हत्या के आरोपी के घर को पूरे गांव ने जलाकर फूंक दिया। गुस्साए लोगों ने आरोपी के रिश्तेदारों के घर भी जमकर तोड़फोड़ की। इससे पहले ग्रामीणों ने मीटिंग कर हमले का फैसला किया। उन्होंने मौके पर पहुंची पुलिस पर भी जमकर पथराव किया। घटना दौसा के मेहंदीपुर बालाजी के नांदरी गांव में गुरुवार रात 10 बजे की है। इस पूरे घटनाक्रम में आगजनी करने वाले तीन लोग भी झुलस गए हैं। जिन्हें हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। बताया जा रहा है कि रेप और मर्डर से गुस्साए पीड़ित पक्ष के लोगों ने गुरुवार को मीटिंग की।

## महाराष्ट्र में बाल-बाल बचीं उद्धव गुट की प्रमुख नेता

- लैंडिंग के वक्त क्रैश हुआ हेलीकॉप्टर



मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र में तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के बीच डरा देने वाली घटना सामने आई है। हेलीकॉप्टर क्रैश में उद्धव ठाकरे गुट की नेता सुषमा अंधारे बाल-बाल बचीं। राज्य में रायगढ़ जिले के महाड में शिवसेना (उद्धव बालासाहब ठाकरे) की नेता सुषमा अंधारे को लेने पहुंचा हेलीकॉप्टर लैंडिंग के वक्त क्रैश हो गया। अंधारे को इसी हेलीकॉप्टर में सवार होकर दूसरे स्थान के लिए रवाना होना था। शिवसेना यूबीटी नेता ने हेलीकॉप्टर की लैंडिंग के वीडियो को फेसबुक पर साझा करके घटना की जानकारी दी है। सुषमा अंधारे की गिनती फायरब्रांड नेताओं में है।

# ना-ना करते आखिर यूपी से 'लड़' ही गए राहुल गांधी

## अखिलेश ने किया असल खेल,कांग्रेस के साथ सपा कैंप में भी राहत



लखनऊ (एजेंसी)। यूपी की रायबरेली सीट से गांधी परिवार के राहुल गांधी के उतरते ही कांग्रेस ही नहीं सपा कैंप ने भी राहत की सांस ली है। राहुल गांधी के फैसले से अमेठी और रायबरेली सीट पर महीनों से चला आ रहा सस्पेंस भी खत्म हो गया है। दोनों ही सीटें कांग्रेस खासकर गांधी परिवार का गढ़ कही जाती हैं। पिछले कुछ दिनों से दोनों सीटों को लेकर जबरदस्त उथल-पुथल मची थी। स्थिति यह हो गई थी कि नामांकन खत्म होने से एक दिन पहले तक दोनों सीटों पर कांग्रेस के प्रत्याशी तय नहीं हो पा रहे थे। अंततः नामांकन वाले दिन ही रायबरेली से राहुल व अमेठी से केएल शर्मा का नाम फाइनली घोषित हो गया। इस दौरान पिछले तीन दिनों में पर्दे के पीछ बहुत कुछ हो गया। खुद अखिलेश ने खड़गे से लेकर सोनिया और प्रियंका समेत कांग्रेस के थिंक टैंक कहे जाने वाले नेताओं से कई बार बात की।

## राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से किया नामांकन

रायबरेली/अमेठी (एजेंसी)। राहुल गांधी ने रायबरेली से नामांकन कर दिया है। उनके साथ सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, जीजा रॉबर्ट वाड्रा मौजूद रहे। किशोरी लाल शर्मा ने भी अमेठी से नॉमिनेशन कर दिया है। कांग्रेस ने नॉमिनेशन के आखिरी दिन रायबरेली से राहुल और अमेठी से किशोरी लाल के नाम का ऐलान किया। किशोरी सोनिया गांधी के भरोसेमंद माने जाते हैं। शुक्रवार सुबह 9 बजे राहुल परिवार के साथ दिल्ली से रायबरेली के लिए रवाना हुए। साढ़े 10 बजे अमेठी-रायबरेली बॉर्डर पर स्थित फुरसतगंज एयरपोर्ट पर उतरे। एयरपोर्ट से सोनिया, राहुल और रॉबर्ट वाड्रा रायबरेली कांग्रेस कार्यालय पहुंचे, जबकि प्रियंका और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत अमेठी गए। यहां किशोरी लाल के साथ रोड शो किया।



# सोनिया डर कर राजस्थान चली गई,अब राहुल भी भागे

## कांग्रेस नेता के अमेठी से ना लड़ने पर पीएम मोदी ने बोला हमला

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला किया है। इस बार राहुल अमेठी से चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, उसकी जगह वे रायबरेली से प्रत्याशी बन गए हैं। इस दांव पर तंज कसते हुए एक रैली में पीएम मोदी ने कहा कि सोनिया गांधी भी डर कर राजस्थान चली गई थीं। पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैंने पहले ही ये भी बता दिया था कि शहजादे वायनाड में हार के डर से अपने लिए दूसरी सीट खोज रहे हैं। अब इन्हें अमेठी से भागकर रायबरेली सीट चुननी पड़ी है। ये लोग घूम-घूम कर सबको कहते हैं डरो मत। मैं भी इन्हें यही कहूंगा डरो मत, भागो मत। आज मैं एक और बात कहूंगा कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। वैसे पीएम मोदी ने अपना हमला सिर्फ कांग्रेस तक सीमित नहीं रखा, उनकी तरफ से तो ममता बनर्जी पर भी जमकर निशाना साधा गया। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने संदेशखाली मामले में कार्रवाई सिर्फ इसलिए नहीं की क्योंकि वो शख्स दूसरे समुदाय से ताल्लुक रखता था। पीएम ने कहा कि बंगाल में टीएमसी की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उद्घोष से भी इन्हें आपत्ति है। मैं टीएमसी सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ। पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा, लेकिन टीएमसी गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए, क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था। पीएम मोदी ने अपने बयान में ये भी कहा कि टीएमसी, लेफ्ट और कांग्रेस के पास विकास का विजन ही नहीं है। लेफ्ट, कांग्रेस और टीएमसी किसी राज्य का क्या हाल कर सकती हैं, ये आप अच्छी तरह जानते हैं। यहां पास में ही त्रिपुरा लेफ्ट वालों ने तबाह कर रखा था लेकिन पिछले 5 साल में बीजेपी ने पूरे त्रिपुरा की जिंदगी बदल दी।



# कहीं भीषण गर्मी का 'कहर' तो कहीं बारिश ने घोला 'जहर'

**● उत्तर पूर्वी राज्यों में बारिश का तांडव,लोगों का जीना हुआ मुहाल ● तीन राज्यों का देश के बाकी हिस्सों से टूटा संपर्क, कई लोग मरे**

गुवाहाटी (एजेंसी)। दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक गर्मी का कहर जारी है। इस बीच उत्तर पूर्वी राज्य असम में बारिश ने तांडव मचाया हुआ है। भारी बारिश के कारण असम के दिमा हसाओ जिले के कई इलाकों में भूस्खलन हुआ है। इसके कारण त्रिपुरा, मिजोरम और मणिपुर के साथ-साथ असम के बराक घाटी के कुछ हिस्से का देश के बाकी हिस्सों से अस्थायी संपर्क टूट गया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार गुरुवार को कछार और दिमा हसाओ में बिजली गिरने और भूस्खलन के कारण तीन युवकों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, कछार जिले में बिजली गिरने से दो नाबालिग लड़कों की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि दो अन्य नाबालिग लड़कों को चोटें आई और उनका एसएमसीएच में इलाज चल रहा है। अधिकारियों ने बताया कि मृत लड़कों की पहचान दिलवर हुसैन (17) और जियाउल हुसैन (14) के रूप में की गई है। दोनों कचुदरम पुलिस स्टेशन के तहत गंगानगर भाग-2 गांव के निवासी थे। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, बिजली गिरने की घटना दोपहर करीब 2 बजे हुई जब वे सभी मैदान पर खेल रहे थे। अगरतला से गुवाहाटी जा रही एक बस बुधवार रात दिमा हसाओ जिले के दिटोकचेरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें 27 वर्षीय त्रिपुरा निवासी डी देवबर्मन की मौत हो गई।



## हाफलोंग-सिलचर सड़क का एक हिस्सा बहा

अधिकारियों के अनुसार, दिमा हसाओ जिले में मियुंगखो और हरंगाजाओ के बीच तेज बारिश के पानी से हाफलोंग-सिलचर सड़क का एक हिस्सा बह गया है, जबकि लुमडिंग और बदरपुर मार्ग के बीच रेलवे ट्रैक बह गया है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने कहा कि बराक घाटी और त्रिपुरा को लुमडिंग से जोड़ने वाली अधिकांश ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है या पुनर्निर्धारित किया गया है। सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस, गुवाहाटी-बदरपुर टूरिस्ट एक्सप्रेस, रंगिया-सिलचर एक्सप्रेस, गुवाहाटी-दुल्लभचेरा एक्सप्रेस, सिलचर-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस, सिलचर-नाहरलागुन स्पेशल ट्रेन सहित कम से कम छह ट्रेनें 6 या 7 मई तक रद्द कर दी गई हैं। अगरतला-सिकंदराबाद स्पेशल समेत कुछ ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। सब्यसाची डे ने कहा कि विभाग क्षतिग्रस्त इलाकों की मरम्मत के लिए 24 घंटे काम कर रहा है। उन्होंने बताया, हमने मरम्मत कार्यों के कारण अधिकांश ट्रेनों को रद्द कर दिया है या उनके समय में बदलाव किया है।



## पूरा क्षेत्र देश के बाकी हिस्सों से पूरी तरह से अलग

परिणामस्वरूप, असम और तीन पड़ोसी राज्यों के एक बड़े हिस्से सहित पूरा क्षेत्र देश के बाकी हिस्सों से पूरी तरह से अलग होने के कगार पर है। यात्रियों के मुताबिक, इसके कारण फ्लाइट का किराया काफी ज्यादा हो गया है। यात्रियों के अनुसार, सिलचर-गुवाहाटी और सिलचर-कोलकाता के बीच उड़ान का किराया प्रति टिकट 16,000 से अधिक हो गया है। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, असम और पड़ोसी राज्यों में शुक्रवार को और रविवार से चार दिनों तक भारी बारिश होने की संभावना है। पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में बार-बार बिजली गिरने की सूचना मिली है।

## राम मंदिर पर पाकिस्तान ने यूएन में फिर उगला जहर

- भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने दिया ऐसा जवाब कि बोलती हो गई बंद

**जिनेवा (एजेंसी)।** पाकिस्तान का भारत के खिलाफ जहर उगलना लगातार जारी है। पड़ोसी मुल्क ने फिर एकबार संयुक्त राष्ट्र में राम मंदिर का मुद्दा उठाया। हालांकि, इस बार उसे ऐसा जवाब मिला कि बोलती बंद हो गई है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान द्वारा गए बयान को विनाशकारी और हानिकारक बताया। साथ ही पाकिस्तान को तीखा जवाब देते हुए कहा कि पाकिस्तान का सभी पहलुओं पर सबसे संदिग्ध ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। आपको बता दें कि संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के दूत मुनीर अकरम ने 'शांति की संस्कृति' पर महासभा में अपने संबोधन के दौरान कश्मीर, नागरिकता (संशोधन) अधिनियम और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मामलों का जिक्र करते हुए भारत के खिलाफ लंबी टिप्पणी की थी। रुचिरा कंबोज ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।



## छत्तीसगढ़ शराब घोटाला केस में ईडी की बड़ी कार्रवाई

# पूर्व आईएएस समेत अन्य की 205 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग (धनशोधन) मामले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) ने छत्तीसगढ़ के पूर्व आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के भाई और कुछ अन्य लोगों की 205 करोड़ रुपए की सम्पत्तियां कुर्क कर ली हैं। ईडी की तरफ से जारी एक बयान में बताया गया कि कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रु की 14 संपत्तियां, रायपुर के मेयर और कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रु की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रु की और अरविंद सिंह से जुड़ी 12.99 करोड़ रुपए की 33 संपत्तियां शामिल हैं। इनके अलावा भारतीय दूरसंचार सेवा के अधिकारी और एक्साइज विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रु की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लन की 28.13 करोड़ रु की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया के 27.96 करोड़ रु के आभूषण और आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की 1.2 करोड़ रु की चल संपत्तियां को कुर्क किया गया है। ईडी ने बताया कि अनवर ढेबर कुर्क की गई सम्पत्तियों में रायपुर स्थित होटल वेनिंग्टन कोर्ट भी शामिल है, जो उनकी फर्म ढेबर बिल्डकॉन द्वारा चलाया जा रहा है। इसके अलावा एक व्यवसायिक इमारत अकॉर्ड बिजनेस टॉवर भी शामिल है। कुर्क की गई सभी सम्पत्तियों की कुल कीमत 205.49 करोड़ रुपए है। इससे पहले शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में विधु गुप्ता को गिरफ्तार किया था।




## कश्मीर की शक्सगाम घाटी में चीन की नापाक हरकत

- बना डाली सड़क, भारत सरकार ने भी उठाया बड़ा कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर की शक्सगाम घाटी में चीन की नापाक हरकत सामने आई है। ताजा सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि चीन दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र के करीब पक्की सड़क बना रहा है। दरअसल चीन सियाचिन कॉरीडोर के करीब अवैध रूप से कब्जे वाले कश्मीर में कंक्रीट सड़क का निर्माण कर रहा है। अब इसको लेकर भारत ने बड़ा कदम उठाया है। भारत ने जमीन पर स्थिति को बदलने के अवैध प्रयास के तहत शक्सगाम घाटी में निर्माण गतिविधियों को अंजाम देने को लेकर चीन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने कहा कि शक्सगाम घाटी भारत का हिस्सा है और 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया।

# बिहार में जातीय बंधन तोड़ एक दूजे के हुए इन उम्मीदवारों ने चुनावी संग्राम में ठोकी ताल

## समस्तीपुर से शांभवी और जमुई से अर्चना रविदास चर्चा में





**समस्तीपुर, एजेंसी।** कभी भारतरत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर ने कहा था कि अंतरजातीय विवाह करने वालों को चुनाव के टिकट देने में प्राथमिकता दी जायेगी। तब की बात जिस संदर्भ में भी कही गयी हो, लेकिन आज के समय में कई ऐसे लोग भी है, जो चुनाव लड़ने के लिए ऐसी शादियां कर रहे हैं। इस बार कुछ ऐसे लोग सामने आये हैं, जो जातीय बंधन की डोर तोड़ कर सामाजिक बंधन में बंधने के बाद लोकसभा के चुनावी संग्राम में कूदे हैं। अंतरजातीय विवाह करने वाले दो प्रत्याशी सुरक्षित सीटों से चुनाव मैदान में हैं, जो काफी चर्चा में है। हालांकि चुनावी समर में उतरे प्रत्याशी जातीय जकड़न से ऊबर नहीं पा रहे हैं। अंतरजातीय खुलापन उनके काम आयेगा या जातीय जकड़न से उसकी धार कुंद हो जायेगी, इसका पता तो चुनाव परिणाम के बाद ही चलेगा। फिलहाल उनका चुनावी मैदान में होना ही बड़ा दिलचस्प है।

### ऐसे सियासी नेताओं की खूब चमकी है किस्मत

तेजस्वी, सिद्धीकी, रामविसास पासवान, पप्पू यादव, श्याम रजक और मीरा कुमार जैसी सियासी सख्शियतों ने भी की अंतरजातीय शादियां की हैं। सियासत के जानकारों के मुताबिक बिहार में अंतरजातीय और अंतर धार्मिक विवाह करने वाले नेताओं की एक लंबी फेहरिश्त है, जिनका सियासी सफर बेहद मजबूती से जारी भी है। उदाहरण के लिए पूर्व उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने हाल ही में एक इसाई लड़की से शादी की है। राजद के प्रधान राष्ट्रीय महासचिव नेता अब्दुल बारी सिद्धीकी और राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने कायस्थ से शादी की है। ये दोनों ही कई बार विधायक और राज्य सरकार में मंत्री रहे हैं। इसी तरह लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार और हुकुमदेव यादव ने भी अंतरजातीय शादी की है। दलित राजनीति का पर्याय रहे दिवंगत राम विलास पासवान ने भी अंतरजातीय शादी की थी। हाल ही में भाकपा माले की शशि यादव एमएलसी चुनी गयी हैं, लेकिन उन्होंने ब्राम्हण नेता से शादी की। उनके पति भी वामपंथी विचार के हैं। इसी तरह राजद की वरिष्ठ महिला नेता उर्मिला ठाकुर खुद नाई हैं और पति यादव हैं। वे एमएलसी चुनी गयी हैं।

### शांभवी ने भूमिहार से की शादी, ससुराल पक्ष भी कर रहा चुनाव में मदद

फिलहाल यह बात किसी भी छिपी नहीं है कि हिंदी बेल्ट के दूसरे राज्यों की तरह बिहार में चुनावी दांव जातीय आधार पर ही खेले जाते हैं। ऐसे में समस्तीपुर सुरक्षित सीट से लोजपा (रामविलास) प्रत्याशी के रूप में उतरी शांभवी चौधरी राज्य सरकार के कद्दावर मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। शांभवी पासी जाति से आती हैं, जबकि उनकी शादी भूमिहार समाज में हुई है। मायके के साथ ससुराल पक्ष के लोग भी उनके प्रचार में उतरे हैं। शांभवी अति शिक्षित हैं। हालांकि, चुनावी संग्राम में इस सीट का परिणाम सामाजिक नजरिये से बेहद अहम है।

### अर्चना रविदास ने जातीय बंधन को तोड़ यादव जाति में की शादी

अर्चना रविदास जमुई सुरक्षित सीट से लोकसभा की राजद प्रत्याशी हैं। वे खुद रविदास जाति से हैं। शादी उन्होंने पिछड़ा वर्ग के 'यादव' जाति से की है। लोकसभा क्षेत्र में इस जातीय समीकरण को साधने के लिए उन्होंने पूरी मशक्कत के साथ काम किया है। देखना होगा कि जातीय खेमों में बंटा समाज अर्चना रविदास को कितनी ताकत देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### चिराग पासवान ने हाजीपुर से किया नामांकन, रोड शो में समर्थकों का हुजूम उमड़ा



**हाजीपुर, एजेंसी।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व एनडीए प्रत्याशी चिराग पासवान ने हाजीपुर से नामांकन दाखिल किया है। नामांकन के दौरान चिराग के साथ हाजीपुर समाहरणालय में उनकी मां और जीजा भी मौजूद रहे। इसके अलावा केंद्रीय गृह राज्य मंत्री व उजियारपुर के प्रत्याशी नित्यानंद राय, सांसद रामकृपाल यादव सहित भारी संख्या में समर्थकों का हुजूम उमड़ा। हाजीपुर से नॉमनेशन भरने पहुंचे चिराग पासवान। समाहरणालय पहुंचने से पहले किया भव्य रोड शो। खुली गाड़ी से पहुंचे चिराग। चिराग के साथ मे उनकी मां रीना पासवान, नित्यानंद राय, रामकृपाल यादव शामिल। नामांकन से पहले चिराग ने सर्किट हाउस के पास स्थित रामविलास पासवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद खुले वाहन में रोड शो करते हुए समर्थकों के साथ समाहरणालय परिसर पहुंचे और जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीएम यशपाल मीणा के सामने नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद चिराग सुभाष चौक स्थित संस्कृत महाविद्यालय परिसर में आयोजित सभा में शामिल हुए। बता दें कि चिराग पासवान ने पहली बार हाजीपुर लोकसभा सीट से नामांकन भरा है। इससे पहले वो दो बार सांसद भी रहे चुके हैं। लेकिन उनका लोकसभा क्षेत्र जमुई था। हाजीपुर लोकसभा सीट को दिवंगत रामविलास पासवान की कर्मभूमि मानी जाती है। इस सीट पर चिराग के पिता रामविलास पासवान 9 बार सांसद रहे। 1977 के चुनाव में रामविलास पासवान ने जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ा था। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार को भारी मतों से हराया था। पहली बार किसी नेता ने इतनी बड़ी जीत हासिल की थी। जीत भी ऐसी थी कि उनका नाम गिनीज बुक में दर्ज किया गया था। 1984 और 2009 को छोड़कर रामविलास पासवान ने सभी चुनावों में जीत हासिल की थी। आखिरी बार रामविलास पासवान ने 2014 में इस सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था और जीत भी हासिल की थी। इसके बाद 2019 के चुनाव में इस सीट पर उनके छोटे भाई और चिराग के चाचा पशुपति पारस ने चुनाव लड़ा और जीत हासिल की। हालांकि इस बार पार्टी ने पशुपति को टिकट ना देकर चिराग को टिकट दिया है। हाजीपुर लोकसभा सीट पर चिराग पासवान और आरजेडी से पूर्व मंत्री शिवचंद्र राम आमने-सामने हैं।

### प्रसव कराने के बदले नर्स ने मांगा दो हजार रिश्वत, पैसा लेते वीडियो वायरल

**भागलपुर/कहलगांव, एजेंसी।** अनुमंडलीय अस्पताल कहलगांव में प्रसूता से अवैध रूप से पैसा वसूलने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उक्त वीडियो में एक महिला कर्मचारी प्रसूता के परिजन से पैसा लेती दिखाई दे रही है। उक्त महिला कर्मी के द्वारा वीडियो में कहा जा रहा है कि अगर प्राइवेट अस्पताल में जाते तो काफी अधिक पैसा लगता। सरकारी अस्पताल है इसलिए सिर्फ दो हजार रुपया लग रहा है। हालांकि इस वीडियो की पुष्टि हिंदुस्तान अखबार नहीं करता है। इस संबंध में अनुमंडलीय अस्पताल कहलगांव के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. आनंद मोहन ने बताया कि उक्त कर्मी के खिलाफ जांच टीम गठित की गयी है। दोनों एनम चंपा और सुनीता को प्रसूता वार्ड से हटाकर इमरजेंसी वार्ड में प्रतिनियुक्ति की गई है।

### नौकरी दिलाने के नाम पर छात्र से डेढ़ लाख की ठगी

**भागलपुर/सुल्तानगंज, एजेंसी।** समाहरणालय भागलपुर में चतुर्थ श्रेणी में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर एक छात्र से डेढ़ लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया। गुरुवार को थाने पर मिले पीड़ित छात्र ने बताया कि ठग संसार पोखर, पचना रोड, गांधी मोहल्ला वार्ड-17 कवैया लखीसराय का रहने वाला है। वह पिछले दस साल से सुल्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत नारायणपुर मोहल्ले में अपनी एक मुंहबोली बहन के घर पर रहकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर मुझसे डेढ़ लाख रुपया लिया था। नौकरी नहीं मिलने पर उसने 80 हजार रुपए वापस किया।

## होमगार्ड जवान से विवाद जज साहब को महंगा पड़ा, पटना हाईकोर्ट से भी नहीं मिली राहत




**पटना, एजेंसी।** आवासीय परिसर का गेट खुला रहने को लेकर हुये विवाद में खगड़िया के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश राज कुमार एवं उनकी पत्नी को पटना हाईकोर्ट से किसी प्रकार की राहत नहीं मिली। कोर्ट ने कहा कि यह दुर्भाग्य की बात है कि वरीय न्यायिक पदाधिकारी पर आरोप लगे हैं। मामला फरवरी 2022 का है। अफसरों के क्वार्टर का गेट खुला रह जाने पर एक होमगार्ड जवान वीरेंद्र कुमार सिंह पर कार्रवाई की गयी थी। बाद में उस जवान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। इस मामले में हाईकोर्ट से अपील की गई थी।

पटना हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति बिबेक चौधरी की एकलपीठ ने आवेदक राज कुमार एवं उनकी पत्नी की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई के बाद उसे खारिज कर दिया। गौरतलब है कि खगड़िया के तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश के खिलाफ होमगार्ड के साथ हुए विवाद को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कोर्ट ने कहा कि आवेदक पति-पत्नी पर लगाए गये आरोप प्रथम दृष्टया सही प्रतीत होता है। जज साहब और उनकी पत्नी पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

शिकायतकर्ता की ओर से दर्ज कराया गया केस, डायरी में गवाहों के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और आरोप पत्र से घटना की सत्यता झलकती है। कोर्ट ने कहा कि बयानों की सत्यता जांच अधिकारी के समक्ष दर्ज गवाहों के बयान और ट्रायल के दौरान गवाहों के परीक्षण से ही विचार किया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा समय में आपराधिक मामले को रद्द करने की स्थिति में वह नहीं है। कोर्ट ने इसके साथ अर्जी खारिज कर दी।

खगड़िया स्थित न्यायिक अफसरों के क्वार्टर में 1 फरवरी 2022 को घटना हुई थी, जिस सिलसिले में आरोपी न्यायिक पदाधिकारी की ओर से एक प्राथमिकी होम गार्ड जवान वीरेंद्र कुमार सिंह के खिलाफ दर्ज की गई। वहीं दूसरी प्राथमिकी होमगार्ड जवान की ओर से दर्ज कराई गई थी। बाद में होमगार्ड जवान की संदिग्ध हालात में मौत हो गई।

## राजीव प्रताप रूडी से अमीर उनकी पत्नी नीलम, एक करोड़ 25 लाख 85 हजार 654 रुपये की मालिक



**सारण, एजेंसी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी से उनकी पत्नी नीलम प्रताप धनवान हैं। यह खुलासा नामांकन के समय दिए गए संपत्ति के विवरण में हुआ है। राजीव प्रताप रूडी की संपत्ति एक करोड़ 19 लाख 96 हजार 481 रुपये की है तो उनकी पत्नी नीलम प्रताप की कुल संपत्ति एक करोड़ 25 लाख 85 हजार 654 रुपये की है। आभूषण के मामले में भी राजीव प्रताप से उनकी पत्नी शौकीन हैं। पत्नी के पास 735 ग्राम ज्वेलरी है जिसकी कीमत 49 लाख 88 हजार 332 रुपये है। राजीव प्रताप के पास 245 ग्राम ज्वेलरी है जिसकी कीमत 16 लाख 62 हजार 325 रुपये है। राजीव प्रताप रूडी के पास महंगी गाड़ियां भी हैं। इनमें एमजी जेडएस भी है जिसकी कीमत 22 लाख 80 हजार 580 रुपये है। दो इनोवा जिसकी कीमत क्रमश 12 लाख 43 हजार व आठ लाख 50 हजार रुपये है। एक एंबेसडर कार भी राजीव प्रताप रूडी ने खरीदी है जिसकी कीमत फिलहाल तीन लाख 96 हजार है। अमनौर हर नारायण गांव निवासी राजीव प्रताप रूडी 80 हजार 400 रुपये इन हैंड लेकर चुनाव मैदान में हैं तो पत्नी के पास इन हैंड 42 हजार 300 रुपये है। आपको बता दें सारण संसदीय सीट के लिए हो रहे नामांकन में गुरुवार को आठ प्रत्याशियों ने अपने पर्चे दाखिल किये। नामांकन करने वालों में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद राजीव प्रताप रूडी, निर्दलीय राघवेंद्र प्रताप सिंह, निर्दलीय लक्ष्मण प्रसाद यादव, निर्दलीय शेख नौशाद, गण सुरक्षा पार्टी के बरुण कुमार दास, निर्दलीय प्रभात कुमार ,भारत जन जागरण दल के अमर प्रसाद व निर्दलीय राकेश कुमार पांडेय शामिल थे। करीब 11 बजकर 50 मिनट पर पूर्व केंद्रीय मंत्री कलेक्ट्रेट स्थित एडीएम कार्यालय पहुंचे । उनके साथ पत्नी नीलम प्रताप व दोनों बेटियां श्रेया प्रताप सिंह व अनीशा प्रताप सिंह भी प्रवेश की। एडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी शम्भू शरण पंडीय के समक्ष राजीव प्रताप रूडी ने दो सेट में नामांकन किया। नामांकन के समय उनकी पत्नी दोनों बेटियों संग उपस्थित थीं। करीब 45 मिनट तक रूडी एडीएम चेंबर में रहे और नामांकन की औपचारिकता पूरी की। उसके बाद वे बाहर निकले।

## चिराग पासवान ने आंबेडकर की मूर्ति छुई, लोगों ने दूध से धोया

### बोले-चिराग दलित विरोधी, आरक्षण खत्म करना चाहते, छूने से बाबा साहेब का हुआ अपमान

**हाजीपुर (वैशाली), एजेंसी।** लोजपा (रा) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने गुरुवार को हाजीपुर सीट से नामांकन किया। इस दौरान उन्होंने रोड शो किया और अनवरपुर चौक स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इसके बाद पासवान समाज ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को दूध से धोया है। चिराग के माल्यार्पण से पासवान समाज के लोग नाराज नजर आए। स्थानीय पासवान लोगों ने कहा कि चिराग ने बाबा साहेब की मूर्ति छुई है, जिससे वो अछूत हो गए। शुद्धिकरण के लिए 51 लीटर दूध से नहलाया है। लोगों का कहना है कि चिराग दलित विरोधी हैं और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं।

### दलित विरोधी है चिराग पासवान

नाराज लोगों ने बताया कि चिराग पासवान दलित विरोधी है। छोटे पासवान ने बताया कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को दूध से धोकर हमने शुद्धिकरण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित होते हुए भी चिराग दलित विरोधी है। दलित का चोला पहनकर वो दलित आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। वे दलितों के आरक्षण को समाप्त कर देने की बात करते हैं।

केंद्र सरकार की ओर से दलितों के आरक्षण को समाप्त कर देने की बात कही जा रही है तो चिराग पासवान कुछ नहीं



बोल रहे हैं। इससे जाहिर होता है कि चिराग पासवान दलितों के आरक्षण को समाप्त करने के पक्ष में हैं। इस दौरान जय भीम, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर अमर रहें भारतीय संविधान जिंदाबाद के नारे लगाए। चिराग पासवान के खिलाफ भी नारेबाजी की गई। सोशल मीडिया पर ये वीडियो वायरल हो रहा है।

### बिहार के अधिकतर जिलों में मौसम बना रहेगा शुष्क, 5 मई से बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी से मिलेगी राहत

**पटना, एजेंसी।** बिहार के अधिकतर जिलों में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। वही सुपौल और अररिया जिलों के कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट। वही भागलपुर, पूर्णिया, पूर्वी चंपारण, शेखपुरा, खगड़िया और बांका जिलों के कुछ स्थानों पर लू को लेकर येलो अलर्ट चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण उत्तर-पछुआ हवा की गर्माहट में काफी कमी आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। 4 मई को एक बार फिर उत्तर-पछुआ हवा में गर्माहट बढ़ सकती है। लेकिन 5 मई की शाम से हवा का रुख बदलने से एक बार फिर राहत मिलने की संभावना है।

**5 मई से बदलेगा मौसम का मिजाज :** वही मौसम विभाग के अनुसार 5 मई से मौसम का मिजाज बदलेगा। इस दौरान आसमान में बादल छाएंगे और राज्य के एक-दो जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती। विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त पुरवा हवा आने के कारण अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

**इस बार सामान्य से अधिक दिनों तक चलेगी लू :** साल 2023 मई के महीने में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 8 दिनों तक लू चली थी। लेकिन विभाग के अनुसार इस बार 2024 के मई महीने में लू के दिनों की संख्या रहेगी सामान्य से अधिक रहेगी। हालांकि पूरे माह न्यूनतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है। मई में बारिश भी सामान्य या सामान्य से कम होने की संभावना है।

### विश्व प्रसिद्ध मुजफ्फरपुर की शाही लीची पर मौसम की मार, गर्मी और पछुआ से आधे लीची के दाने झड़े



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। भीषण गर्मी से राज्य की 60 नदियां सूख चुकी हैं। इसका बुरा असर फसलों पर भी साफ साफ दिखने लगा है। अप्रैल में अत्यधिक तापमान और लगातार पछुआ चलने के कारण जिले में 50 फीसदी तक लीची को नुकसान हुआ है। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. गुलाब सिंह ने बताया कि अप्रैल में लगातार 10-30 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से पछुआ हवा चली और तापमान 36-41.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इसके कारण करीब आधे लीची के दाने झड़ गए। बताया कि पिछले साल अप्रैल में पूर्वा-पछुआ दोनों हवा चलने से मौसम में नमी बरकरार रही, जिसके कारण लीची को इतनी क्षति नहीं हुई थी। उद्यान रत्न भोलानाथ झा ने बताया कि जिले में इस बार लीची में मंजर 70 फीसदी ही आया, ऊपर से मौसम की मार से किसान हताश हो चुके हैं। सरकार से हमारी मांग है कि 33 फीसदी रबी और खरीफ फसल की क्षति पर मुआवजा का प्रावधान लीची पर भी लागू हो। लीची एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार बीते वर्ष 70 हजार टन लीची का उत्पादन हुआ था, वहीं इस बार 40-50 हजार टन के बीच उत्पादन रहने की उम्मीद है। किसानों की ओर से लगातार मुआवजे की मांग उठ रही है।

## दो युवकों से मुहब्बत करना युवती को पड़ा महंगा, गर्भवती हुई तो कहा- शादी करो



**पटना, एजेंसी।** बिहार की गया पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है. फतेहपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 18 वर्षीय लड़की से दो युवक प्रेम करते थे. प्रेम-प्रसंग के बीच लड़की गर्भवती हो गई. गर्भवती होने के बाद लड़की ने दोनों प्रेमियों से कहा कि दोनों शादी कर लो. लड़की के यह कहते ही दोनों प्रेमियों ने मिलकर तुरंत साजिश रची और फिर प्लानिंग के तहत लड़की की गला दबाकर हत्या कर दी.

**सुसाइड दिखाने के लिए रेलवे ट्रैक पर रखा था शव :** वहीं, इस घटना को सुसाइड दिखाने के लिए दोनों युवकों ने लड़की के शव को वहां से काफी दूर आगे रेलवे ट्रैक पर रख दिया. रेलवे ट्रैक पर शव रखे जाने के बाद ट्रेन से उसके दो टुकड़े हो गए. इस बीच फतेहपुर थाना की पुलिस को सूचना मिली, तो पुलिस ने जांच की कार्रवाई शुरू की. मृत लड़की की पहचान करते हुए पूरे मामले की जांच कर रही थी.

**लड़की के मोबाइल से मिले दो संदिग्ध नंबर :** वहीं, पुलिस ने इस मामले की छानबीन के क्रम में लड़की के मोबाइल को जब्त किया. लड़की के मोबाइल की जांच की गई, तो उसमें से दो नंबर संदिग्ध निकले. इन नंबरों से चैट हुआ था. पुलिस ने चैट करने वाले दोनों युवकों को पकड़ा और फिर पूछताछ शुरू की. इसके बाद लड़की की हत्या के मामले का पूरी तरह से खुलासा हो गया.

### प्रेमियों ने मिलकर कर दी हत्या

इस मामले में गिरफ्तार दोनों युवकों ने अपनी संलिप्तता स्वीकारी है. दोनों युवकों ने कहा है, कि उन्होंने लड़की की गला दबाकर हत्या की. हत्या की घटना को इसलिए अंजाम दिया, क्योंकि हम दोनों लड़कों का उस लड़की से प्रेम प्रसंग था. इस बीच उसने बताया कि वह गर्भवती हो गई है और दोनों उससे शादी कर ले. इसके बाद उन दोनों ने मिलकर हत्या की साजिश रची और फिर गला दबाकर लड़की की हत्या कर दी. इसके बाद घटना को सुसाइड दिखाने के लिए शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका और भाग निकले.

### 26 अप्रैल को मिली थी सिर कटी लाश

इस संबंध में वजीरगंज एसडीपीओ सुनील कुमार पांडे ने बताया कि बीते 26 अप्रैल को एक लड़की की सिर कटी लाश फतेहपुर थाना क्षेत्र से बरामद हुई थी. इस मामले की जांच की गई, तो पूरा मामला सामने आया. इसके बाद दो युवकों को गिरफ्तार किया गया. दोनों ने स्वीकार किया है कि उन दोनों ने मिलकर लड़की की हत्या की है. हत्या इसलिए की, क्योंकि लड़की उन दोनों से शादी करना चाहती थी. दो लोगों से शादी की बदनामी को लेकर हत्या की वारदात को अंजाम दिया. दोनों ने बताया कि करीब एक साल से लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था.

## संक्षिप्त समाचार

### पटना में बिना डरे स्कूली बच्चे करेंगे रोड क्रॉस, सेंट जेवियर्स स्कूल के पास फुटओवर ब्रिज बनने का काम शुरू

**पटना।** सेंट जेवियर्स स्कूल के पास से गांधी मैदान गेट नंबर-1 तक सड़क के उपर फुट ओवरब्रिज बनाने का काम शुरू हो गया है। यह काम प्रोजेक्ट बनने के बाद करीब 4 साल बाद शुरू हुआ है। पर स्कूली बच्चों और उनके पेरेंट्स को इस बात की खुशी है कि अब रोड क्रॉस करने में परेशानी नहीं होगी। जाम और एक्सीडेंट का डर अब बच्चों और उनके पेरेंट्स को बिल्कुल नहीं सताएगा। दरअसल, गांधी मैदान के चारों तरफ ट्रैफिक का काफी दवाब है। मेट्रो के निर्माण के कारण भी ट्रैफिक रूट डायवर्ट किया गया है। इस वजह से भी ज्यादा जाम लगता है। ट्रैफिक दबाव को देखते हुए इसके एक हिस्से में फुट ओवरब्रिज बनाने की बात पटना स्मार्ट सिटी की ओर से 2020 में कही गई थी। पर अब इसके चार साल बाद निर्माण का काम शुरू हो चुका है। स्कूल की छुट्टी होने के बाद रोड क्रॉस करने में बच्चों काफी परेशानी होती है और साथ ही सड़क भी जाम हो जाता है। इस फुट ओवरब्रिज के बन जाने से स्कूली बच्चों के साथ ही आम लोगों को भी काफी सुविधा मिलेगी। इसके लिए इस फुट ओवरब्रिज पर चढ़ने-उतरने के लिए सीढ़ी के साथ ही एस्केलेटर और लिफ्ट भी लगेगी।

### थावे-पटना स्पेशल ट्रेन अब 31 जुलाई तक चलेगी, छपरा के यात्रियों को विशेष सहूलियत, गोपालगंज, पटना होकर आएगी

**छपरा।** रेलवे प्रशासन यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पूर्व से चलाई जा रही ट्रेन संख्या 03215/03216 पटना-थावे-पटना दैनिक स्पेशल ट्रेन की अवधि को 31 जुलाई, 2024 तक 92 फेरों के लिये बढ़ा रहा है। यह जानकारी जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने पत्र जारी करते हुए दी है। थावे से राजधानी पटना को जोड़ने वाली यह एकमात्र ट्रेन है। इस ट्रेन के संचालन से छपरा सहित गोपालगंज के यात्रियों को



विशेष लाभ मिलता है। यह ट्रेन गोपालगंज के थावे से खुलकर गोपालगंज, सिधवलिया, राजपट्टी, मशरक, मढ़ौरा होते हुए छपरा ग्रामीण स्टेशन पर मुख्य लाइन से जुड़ती है। इस ट्रेन के चलने से सारण जिला के उत्तरी हिस्से के रहवासियों को विशेष सहूलियत मिलती है। सारण जिला के उत्तरी हिस्से को राजधानी से जोड़ने वाली एकमात्र ट्रेन है। यह ट्रेन सुबह 6:25 में थावे से खुलकर दोपहर 11:45 में पटना जंक्शन स्टेशन पहुचती है। जबकि पटना जंक्शन से दोपहर 12: 10 में खुलकर थावे शाम 5:35 में पहुंचती है। इस गाड़ी में जी.एस.एल.आर.डी. के 02 एवं साधारण द्वितीय श्रेणी के 22 कोचों सहित कुल 24 कोच लगाये जा रहे है तथा इस गाड़ी का मार्ग, ठहराव एवं समय रहेगा।

### ठेकेदार हत्याकांड मामले में हुई एफआईआर दर्ज, सीसीटीवी में 3 संदिग्ध दिखे

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में ठेकेदार अजय कुशवाहा हत्याकांड मामले में मीनापुर थाना में परिजन ने एफआईआर दर्ज करवाई है। इसमें सरोज राय और राकेश को आरोपी बनाया गया है। परिजनों ने आपसी रंजिश को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। इधर घटना से जुड़ी एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।जिसमे तीन संदिग्ध को देखा गया है। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। पुलिस लगातार सीसीटीवी फुटेज में आए तीनों संदिग्ध की पहचान में जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध पल्सर बाइक से सवार जा रहा है। मीनापुर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक अजय कुशवाहा राजेपुर थाना क्षेत्र के अजीत कुमार के छोटा भाई सुनील राय की हत्या मामले में जेल भेजा था ।परिजन का मनना है कि उसी के प्रतिशोध में उसकी हत्या की गई है।फिलहाल हमलोग सारे बिंदु पर जांच कर रहे।सीसीटीवी में तीन संदिग्ध को भी देखा गया है ।उसकी भी पहचान की जा रही है। गौरतलब हो की बुधवार को मीनापुर थाना क्षेत्र के नेयुरा में तीन बाइक सवार अपराधियों में ने दिनदहाड़े ठेकेदार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। ताबड़तोड़ फायरिंग करने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। इस घटना में ठेकेदार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई हैं।

### पेड़ से लटका मिला शव मामले में 08 लोगो पर प्राथमिकी दर्ज

**एसडीपीओ ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

**चाणक्य भूमि मझौलिया**।ओझामठिया में युवक सिकन्दर साह ( 18 )वर्ष की हत्या मामले में उसके पिता मनकेश्वर साह के आवेदन पर कुल 08 लोगों पर एफआईआर किया गया।जानकारी एसएचओ अखिलेश मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि नामजद लोगों में ओझा मठिया वार्ड 13 निवासी सतन साह,छोटेलाल साह,प्रेम साह,वकील साह समेत आठ लोगो का नाम उल्लेखनीय है।एफआईआर में उल्लेखनिय है कि दो बाइक पर सवार चार लोग बुधवार की रात 08 बजे के करीब घर पर आए और पूछा कि सिकन्दर कहाँ है।इस पर सिकन्दर के पिता ने बताया कि बथान पर सुतल होई।उसके बाद वे लोग चले गये।सुबह ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि सिकन्दर का शव शमशान घाट के निकट जामुन के पेड़ से लटका है।पुलिस एफआईआर के आलोक में अनुसंधान शुरू कर दिया है।गुरुवार की शाम एसडीपीओ और इंस्पेक्टर ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से मुलाकात की।हत्या और आत्महत्या के बीच मे यह घटना पहेली बनी हुई है।इधर मृत युवक की माता सुनरपति देवी की रोते रोते बुरा हाल है।बताये चले कि मझौलिया पुलिस ने गुरुवार की अहले सुबह ओझामठिया श्मशान घाट के पास अवस्थित जामुन के पेड़ से सिकन्दर साह का शव जामुन के पेड़ से लटका पाया था।मामले में शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गयी है।नामजद लोगों में दो नेपाल में रहते है।

### सबेदनशील व अति सम्बेदनशील बूथों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**चाण्क्य भूमि(मैनाटाड़) मैनाटांड़।** अगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखंड और पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सारी आवश्यक तैयारियां की जा रही है। प्रखंड के पुरुषोत्तमपुर, इनरवा मैनाटांड़ ,भंगहा एवं मानपुर पुलिस के द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के आधार पर प्रखंड प्रशासन ने प्रखंड के कुल 126 बूथों में से 22 क्रिटिकल एवं 11 वनरेबुल बूथ चिन्हित किया है। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि हर हाल में भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव कराने के लिए प्रशासन कृत संकल्पित है। क्रिटिकल और वनरेबुल बूथों पर प्रशासन की कड़ी निगाह रहेगी। वोटरों को लुभाने व डराने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

### महागठवन्धन के प्रत्याशी के नामांकन को लेकर मझौलिया में पुरजोर तैयारी

**51 हजार रुपये का सहयोग करेंगे कट्टर कांग्रेसी मुरारी शुक्ल**

**चाण्क्य भूमि(मझौलिया) मझौलिया।** महागठवन्धन के कांग्रेस उम्मीदवार मदन मोहन तिवारी शनिवार के दिन बेतिया संसदीय क्षेत्र से नामांकन करेंगे।नामांकन को लेकर पुरजोर तैयारी है।शहर से लेकर गावं तक लोग उत्साहित है।मझौलिया प्रखण्ड क्षेत्र से भारी संख्या में लोग नामांकन में शिरकत करेंगे।बाजा गाजा के साथ लोग बोलेरो,जीप,स्कार्पियो ,ट्रैक्टर,और बाइक से नामांकन में जायेंगे।मझौलिया के प्रगतिशील किसान और पुराने कांग्रेसी मुरारी शुक्ला के दरबाजे से काफिला निकलेगा।बड़ा रमना मैदान में चुनाव में सहयोग के लिये मुरारी शुक्ल के पुत्र विद्याचरण शुक्ल इस अवसर पर बड़ा रमना के मैदान में 51 हजार रुपये की थैली कांग्रेस प्रत्याशी को सौपेंगे।शनिवार को नामांकन को लेकर शुक्रवार की संध्या से ही झंडा बैनर व पोस्टर गाड़ियों में लगना शुरू हो गया है।

# बांस घाट इलाके में 12 सिलेंडर ब्लास्ट, 30 घर जले

**25 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों की मदद से 3 घंटे बाद पाया काबू**

**एजेंसी, पटना।**

पटना के बांस घाट इलाके में शुक्रवार को आग लग गई। आग से 30 से ज्यादा घर जलकर राख हो गए। लोगों के घरों में रखा सामान भी जल गया। एक-एक कर 12 सिलेंडर में ब्लास्ट हुए। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हादसे में 4 लोग झुलसे हैं। जिन्हें इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। आग इतनी भयावह थी कि 2 किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार दिखाई दे रहा था। 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद 25 से ज्यादा फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। मौके पर 10 से ज्यादा एंबुलेंस भी तैनात थी। आग पर काबू पाने के लिए हाईड्रोलिक



भी बुलाई गई थी। वहीं 4-5 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। हालांकि आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि घर में खाना बनाने के दौरान ही आग लगी होगी जो तेजी से फैल गई। चश्मदीद प्रमिला देवी ने कहा कि सब कुछ जल गया। कुछ भी नहीं बचा। वहीं दूसरे पीड़ित राजी ने बताया कि मैं खाना खा रहा था। चिल्लाने की आवाज आने लगी। बाहर आकर देखा तो घर जल रहे थे। 50 से ज्यादा घरों में आग लगी है।

**कुछ सिलेंडर को बाहर निकाला गया है:** पटना के सदर एसडीएम ने बताया कि आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। आशंका है कि चूल्हे की चिंगारी से आग लगी है। इसके बाद सिलेंडर में विस्फोट से आग तेजी से बढ़ गई है। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। करीब 50 गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया है। कोई कैजुएल्टी नहीं हुई है। सिर्फ एक आदमी को पीएमसीएच भेजा गया है।

## बदनामी की वजह से पीएम की तस्वीर हटाई गई

**एजेंसी, पटना।**

पटना के दानापुर में पाटलिपुत्र सांसद प्रत्याशी लालू यादव की बड़ी पुत्री मीसा भारती ने कोरोना वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर हटाने को निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीन को लेकर सवाल उठने शुरू हो गए हैं। इसकी बदनामी से डर कर प्रधानमंत्री की तस्वीर कोरोना वैक्सीन से हटा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को किसी भी कार्य को लेकर श्रेय लेना, उनकी पुरानी आदत है। कोरोना वैक्सीन के संदेहास्पद नतीजे सामने आ रहे हैं तो इसकी बदनामी से डर कर प्रधानमंत्री की तस्वीर कोरोना वैक्सीन से हटा दी गई है। इस बात से महागठबंधन के नेताओं की ओर से आम जनमानस को अवगत कराया जा रहा है।

**जांच की मांग:** मीसा भारती ने यह भी कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन जांच का विषय है। हर स्तर पर इसकी जांच होनी चाहिए। संबंधित दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल



♦ कोरोना वैक्सीनेशन पर मीसा भारती बोली- महागठबंधन के लोग जनता को सच बताएंगे

गांधी की जीत का मार्जिन काफी ज्यादा होगा। उन्हें शुभकामनाएं और बधाई देती हूं।


**जेपी नड्डा पर भी निशाना साधा:** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के बिहार दौरे को लेकर भी मीसा भारती ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि सिर्फ चुनाव के दौरान बिहार की याद आती है। उन लोगों ने जो 2014 और 2019 में जनता से जो वादा किया था। उसकी चर्चा कहीं नहीं कर रहे हैं। बीजेपी वालों से यह जानना चाहती हूं कि बिहार को स्पेशल पैकेज कब मिलेगा।

## पटना में छात्र ने पंखे से लटक कर की खुदकुशी

**एजेंसी, पटना।**

पटना में एक छात्र ने सुसाइड कर लिया है। गोलू कुमार नाम के छात्र ने मां तारा बॉयज हॉस्टल में खुदकुशी की है। गोलू पटना के नौबतपुर शहर रामपुर का रहने वाला था। वो सिमेज कॉलेज पाटलिपुत्र से बीबीए सेकेंड ईयर में पढ़ाई कर रहा था। छात्र का पूरा परिवार लुधियाना में रहता है। पिता प्राइवेट जॉब करते हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद छात्र की मौसी और नौबतपुर से कुछ पड़ोसी हॉस्टल पहुंचे हैं।

**घटनास्थल पर पहुंची एफएसएल की टीम:** घटनास्थल पर श्रीकृष्णापुरी की पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंचकर जांच कर रही है। छात्र ने दीवार पंखे से लटकर खुदकुशी की है। पुलिस हर एक बिंदु पर अभी जांच कर रही है। नौबतपुर से आए पड़ोसी श्रवण कुमार ने बताया कि मृतक के दादा कृष्णा वर्मा सामाजिक कार्यकर्ता हैं। देर रात परिजनों से गोलू ने बात की



♦ बीबीए सेकेंड ईयर का था स्टूडेंट, लुधियाना में रहते हैं माता-पिता

थी और तबीयत ठीक नहीं होने की जानकारी दी थी। सुबह में जब कॉल करने के बाद रिस्पॉन्स नहीं मिला तो परिजनों ने मकान मालिक को कॉल किया। जिसके बाद परिजनों को सुसाइड की जानकारी मिली।

**FSL की टीम कर रही जांच:** डीएसपी साकेत कुमार ने बताया कि रवि कुमार जिसकी उम्र 19 वर्ष है। पटना में रहकर BBA की पढ़ाई कर रहा था। रस्सी से लटकर खुदकुशी की है। परिवार के सदस्य अभी नहीं आए हैं।

## 2 करोड़ के सोना लूटकांड में पुलिस की जांच जारी

**पटना यूनिवर्सिटी के हॉस्टलों को खंगाल रही पुलिस**

**एजेंसी, पटना।**

पटना में 7 मार्च को दिल्ली के कारोबारी से हुए 2 करोड़ के सोना लूट मामले में पुलिस की जांच जारी है। इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता सैयद अली रजा हाशमी को पुलिस ने 11 मार्च को गिरफ्तार किया था, जबकि बंटी उर्फ प्रतीक ने 9 अप्रैल को सिविल कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। इस घटना में कुछ और लोग शामिल थे। जिसका नाम बंटी ने पूछताछ के दौरान पुलिस को बताया है, लेकिन अब तक ना ही घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है और ना ही लूट का सोना बरामद हुआ है।

**इकबाल और मिंटो हॉस्टल में छापेमारी:** डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर कृष्ण मुरारी प्रसाद ने बताया कि सैयद अली रजा हाशमी पटना यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में रहता था। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए इकबाल और मिंटो हॉस्टल में छापेमारी भी की गई है, लेकिन किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपियों घर पर भी दबिश दी जा रही है। लोकल पुलिस से भी संपर्क किया जा रहा है।

**पुलिस का दावा- जल्द होगी अपराधियों की गिरफ्तारी:** हाशमी का कनेक्शन कांग्रेस के छात्र संगठन NSUI से रहा है। ये मूल रूप से छपरा का रहने वाला है। पीयू का पूर्व छात्र नेता रह चुका है, जबकि बंटी पटना लॉ कॉलेज में थर्ड ईयर का



♦ अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी

छात्र है। सूत्रों के अनुसार इस बड़ी वारदात में पीयू से संबंधित बाबर उर्फ फहीम, लक्की और भाईजी भी शामिल है। तीनों का ठिकाना इकबाल और मिंटो हॉस्टल है। गिरफ्तार अपराधी ने बताया है कि इन्हीं तीनों के पास लूट का सोना रखा हुआ है। पुलिस के अनुसार जल्द ही फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर लूट का सोना बरामद कर लिया जाएगा।

**क्या है पूरा मामला:** बता दें, 7 मार्च को राजधानी पटना के डाकबंगला चौराहे के पास दोपहर करीब 12 बजे दिल्ली के कारोबारी से हथियार के बल लूट हुई थी। पिता-पुत्र के हाथ में गहनों से भरा बैग था। जिसे बदमाश छीनकर भाग निकले थे। कारोबारी अंसार अली मोल्ला दिल्ली के करोल बाग का रहने वाला था। जो सोना लेकर पटना के विभिन्न दुकानों में सप्लाई करने आया था। दिल्ली से आने के बाद कारोबारी होटल गली में स्थित होटल में ठहरा था। उसने पिछले दो दिनों में दो होटल बदले थे। स्वर्ण कारोबारी पिता-पुत्र बिजनेस के सिलसिले में पटना आते-जाते रहते हैं। बदमाशों ने बीच सड़क दोनों को घेरा और बैग छीनने की कोशिश करने लगे। ज्वेलर के बेटे ने इसका विरोध किया तो अपराधियों ने गोली मार दी। घटना के समय भीड़ भी मौजूद थी, लेकिन कोई बचाने नहीं आया था। गोली उसके हाथ में लगी थी। जिसके बाद इलाज के लिए PMCH भेजा गया था।

**चिराग ने आंबेडकर की मूर्ति छुई, लोगों ने दूध से धोया**

## LJP(R) अध्यक्ष बोले- इसी मानसिकता के खिलाफ लड़ाई, राजद का काम, इन्होंने बिहार को बर्बाद किया

**एजेंसी, हाजीपुर।**

लोजपा (रा) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने गुरुवार को हाजीपुर सीट से नामांकन किया। इस दौरान उन्होंने रोड शो किया और अनवरपुर चौक स्थित आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। इसके बाद पासवान समाज ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को दूध से धोया है। चिराग के माल्यार्पण से पासवान समाज के लोग नाराज नजर आए। स्थानीय पासवान लोगों ने कहा कि चिराग ने बाबा साहेब की मूर्ति छुई है, जिससे वो अछूत हो गए। शुद्धिकरण के लिए 51 लीटर दूध से नहलाया है। लोगों का कहना है कि चिराग दलित विरोधी हैं और आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। चिराग पासवान ने कहा कि इसी



मानसिकता के खिलाफ हम लड़ते रहे हैं। बाबा भीमराव आंबेडकर लड़ते रहे हैं हमारे पिताजी लड़ते रहे। निश्चित तौर पर यह मानसिकता राष्ट्रीय जनता दल और राष्ट्रीय जनता दल के साथ जो डाल है उनकी हो सकती है। उन्होंने कहा कि ये उन्हीं लोगों ने किया है जिसने बिहार को बर्बाद किया है। अब इस मामले में हाजीपुर की नगर थाने की पुलिस 4-5 लोगों को खोज रही है। सभी के घर पुलिस की दबिश दी गई है। फिलहाल सभी घर छोड़कर फरार हैं। हालांकि, नगर थाना पुलिस ऐसी किसी भी कार्रवाई से इनकार कर रही है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार शरण ने बताया कि मुझे ऐसी कोई सूचना नहीं है।

**दलित विरोधी है चिराग पासवान:** नाराज लोगों ने बताया कि चिराग पासवान दलित विरोधी है। छोटे पासवान ने बताया कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को दूध से धोकर हमने शुद्धिकरण किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि दलित होते हुए भी चिराग दलित विरोधी है। दलित का चोला पहनकर वो दलित आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। वे दलितों के आरक्षण को समाप्त कर देने की बात करते हैं। केंद्र सरकार की ओर से दलितों के आरक्षण को समाप्त कर देने की बात कही जा रही है तो चिराग पासवान कुछ नहीं बोल रहे हैं। इससे जाहिर होता है कि चिराग पासवान दलितों के आरक्षण को समाप्त करने के पक्ष में हैं।

## पटना में 6 साल की बच्ची का मर्डर, पड़ोसी ने घर में गड्ढा कर शव को छिपाया

**एजेंसी, पटना।**

पटना में एक 6 साल की बच्ची की निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई है। पड़ोस के युवक ने मर्डर के बाद शव को घर में ही गड्ढे में छिपा दिया। बताया जाता है कि बच्ची के मुंह में कपड़ा ठूंसने के बाद हत्या की गई है। नौबतपुर के एक गांव से गुरुवार की शाम घर से खेलने निकाली बच्ची अचानक लापता हो गई। परिवार वाले लोगों ने बच्ची को खोज खबर के लिए काफी प्रयास किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इस बीच लोगों ने इसकी सूचना नौबतपुर थाने को दी। स्थानीय ग्रामीण और थाने की मदद से बच्ची का शव गांव के ही सचिन कुमार के घर से पुलिस ने गड्ढे से बरामद किया।

**आरोपी की मां को हिरासत में लिया:** पुलिस ने इस मामले में एक महिला को हिरासत में लिया है। घटना के बाद पुलिस मौके पर डॉग स्क्वाड टीम और एफएसएल




♦ हत्या से पहले मुंह में कपड़ा ठूंस दिया था

टीम की मदद से सुराग जुटाने में लगी है। घटना की पुष्टि नौबतपुर के एसडीपीओ दीपक कुमार ने की है। नौबतपुर के एसडीपीओ दीपक कुमार ने बताया कि बच्ची(6) का शव पड़ोसी सचिन कुमार के घर में गड्ढे में छुपा कर रखी गई थी। हत्या का कारण पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि घर के सभी लोग फरार हैं। पुलिस ने सचिन की मां को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## बिहार के 15 पद्मश्री कलाकारों पर प्रकाशित होगी किताब

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के पद्मश्री कलाकारों पर जल्द ही एक किताब आने वाली है। बिहार म्यूजियम के अपर निदेशक अशोक कुमार सिन्हा पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित कलाकारों पर एक किताब लिख रहे हैं। इस किताब का नाम उन्होंने 'बिहार के पद्मश्री कलाकार' रखा है। इस किताब में कुल 15 पद्मश्री प्राप्त कलाकारों की कहानी है। इस किताब में समकालीन कला से दो कलाकार उपेंद्र महारथी और श्याम शर्मा, लोक कला से जगदंबा देवी, गंगा देवी, सीता देवी, दुलारी देवी, बौआ देवी, गोदावरी दत्त, शांति देवी, शिवन पासवान, सहित बवानबुटी में कपिलदेव प्रसाद, पेपरमैशी में सुभद्रा देवी, टिकुली कला के अशोक कुमार विश्वास जैसे अन्य कलाकारों की कहानी शामिल है। यह किताब



प्रकाशन के लिए चली गई है। बिहार म्यूजियम की तरफ से इसका प्रकाशन हो रहा है। किताब 15 मई तक प्रकाशित होकर आ जाएगी और उसके बाद इसका विमोचन किया जाएगा। लेखक अशोक कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार भारत का एक ऐसा राज्य है जहां बड़ी संख्या में पद्मश्री कलाकार हैं। सिर्फ मधुबनी पेंटिंग में ही 9 पद्मश्री कलाकार हैं। किसी दूसरी कला में, भारत के दूसरे राज्य में इतनी बड़ी संख्या में पद्मश्री नहीं है। इसके अलावा बिहार में 6 पद्मश्री अन्य कलाओं में भी हैं।

## बिहार के अधिकतर जिलों में मौसम बना रहेगा शुष्क

**5 मई से बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी से मिलेगी राहत**

**एजेंसी, पटना।**

बिहार के अधिकतर जिलों में आज मौसम शुष्क बना रहेगा। वही सुपौल और अररिया जिलों के कुछ स्थानों पर लू चलने की संभावना है। इसको लेकर ऑरेंज अलर्ट। वही भागलपुर, पूर्णिया, पूर्वी चंपारण, शेखपुरा, खगड़िया और बांका जिलों के कुछ स्थानों पर लू को लेकर येलो अलर्ट चलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार पर्वतीय इलाकों में लगातार हो रही बर्फबारी के कारण उत्तर-पछुआ हवा की गर्माहट में काफी कमी आने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। 4 मई को एक बार फिर उत्तर-पछुआ हवा में गर्माहट बढ़ सकती है। लेकिन 5 मई की शाम से हवा का रुख बदलने से एक बार फिर राहत मिलने की संभावना है।

**5 मई से बदलेगा मौसम का मिजाज:** वही मौसम विभाग के अनुसार 5 मई से मौसम का मिजाज बदलेगा। इस दौरान आसमान में



बादल छाएंगे और राज्य के एक-दो जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती। विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त पुरवा हवा आने के कारण अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट होगी।

**इस बार सामान्य से अधिक दिनों तक चलेगी लू:** साल 2023 मई के महीने में प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 8 दिनों तक लू चली थी। लेकिन विभाग के अनुसार इस बार 2024 के मई महीने में लू के दिनों की संख्या रहेगी सामान्य से अधिक रहेगी। हालांकि पूरे माह न्यूनतम तापमान सामान्य रहने की संभावना है। मई में बारिश भी सामान्य या सामान्य से कम होने की संभावना है।

**कहां कितना दर्ज किया गया अधिकतम तापमान:** गुरुवार को एक बार फिर से लगातार चौथे दिन शेखपुरा जिला सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां का अधिकतम तापमान 41.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। इसके अलावा पटना का अधिकतम तापमान 38.3 डिग्री, गया और औरंगाबाद 39 डिग्री, नवादा 39.7 डिग्री, गोपालगंज 37.7 डिग्री, वाल्मीकीनगर 38 डिग्री, भागलपुर 39.2 डिग्री, जमुई 39.1 डिग्री, बांका 39.7 डिग्री। वही अन्य जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के नीचे दर्ज किया गया है।

# जन्मजात दिल में छेद वाले जिले के 6 बच्चे इलाज के लिए गए अहमदाबाद

चाणक्य भूमि बेतिया



राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत ह्रदय रोग जैसे गंभीर बीमारी से पीड़ित जिले के 6 बच्चे को बेहतर इलाज के लिए सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे की मौजूदगी में एम्बुलेंस से पटना रवाना किया गया। वहां से ये बच्चे अपने अभिभावकों के साथ हवाई जहाज से अहमदाबाद रवाना किए जाएंगे। जहां इनकी ह्रदय में छेद के कारण सर्जरी कराई जाएगी। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ दुबे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिले के सरकारी स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्र पर ऐसे बच्चों की स्वास्थ्य जांच कर स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद ऐसे गंभीर बीमारियों से ग्रसित बच्चों की पहचान करते हुए उन्हें विशेष इलाज की सुविधा हेतु एम्बुलेंस से पटना रेफर किया जाता है। उसके बाद गंभीर ह्रदय रोग से पीड़ित बच्चों को सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद उनके अभिभावक के साथ भेजा जाता है, जहां रहने, खाने,इलाज की सभी व्यवस्था के साथ ही हवाई जहाज के टिकट की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के जिला समन्वयक रंजन कुमार मिश्रा ने कहा कि जिले के नरकटियागंज प्रखंड के असरफ खान, उम्र 17.10 वर्ष, अनाबिया अमन, बगहा 3.1वर्ष, राजू कुमार, मझौलिया 6.10 वर्ष, गुनगुन कुमारी, योगापट्टी 11. 7 वर्ष, प्रिया कुमारी मझौलीया 17.1वर्ष, कन्हैया कुमार गौनाहा, 17.3 वर्ष के बच्चे जो जन्मजात ह्रदय रोग से ग्रसित थे इन्हे आज जिला स्वास्थ्य समिति बुलाकर एम्बुलेंस से पटना भेजा गया है। जहां से हवाई यात्रा के माध्यम से श्री सत्य साईं हॉस्पिटल अहमदाबाद भेजा जाएगा। ताकि उन लोगों की दिल में छेद वाली बीमारी से निजात दिलाया जा सके।

**कैंप लगाकर की जाती है बच्चों की स्क्रीनिंग**ःडीपीएम अमित अचल ने बताया कि राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत 43 प्रकार की बीमारियों की जांच चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क रूप से आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों व अन्य स्थानों पर कैंप लगाकर समय-समय पर की जाती है। जांच के दौरान कुछ बच्चों में ह्रदय रोग से संबंधित लक्षण दिखाई देने पर उन्हें जिले के अस्पताल में स्क्रीनिंग की जाती है। उसके बाद ह्रदय रोग से पीड़ित बच्चों को उनके माता-पिता और जरूरी कागजातों के साथ निःशुल्क एम्बुलेंस पटना और उसके बाद विमान से श्री सत्य साइ हॉस्पिटल, अहमदाबाद भेजा जाता है। उन्होंने बच्चों के अभिभावक से अपील करते हुए कहा की ऐसे बच्चों की जानकारी होने पर सरकारी अस्पताल या जिला स्वास्थ्य समिति के जिला समन्वयक रंजन कुमार से सम्पर्क करें। इस मौके पर सीएस डॉ श्रीकांत दुबे, डीपीएम अमित अचल, जिला अनुश्रवण एवं मूल्यांकन पदाधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला महामारी पदाधिकारी डॉ आर एस मुन्ना, जिला समन्वयक डॉ रंजन कुमार मिश्रा, डीसीएम राजेश कुमार व जिला स्वास्थ्य समिति के अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# आलमगंज से सुखलही पुल तक पक्की सड़क निर्माण की मांग पर वोट वहिष्कार का निर्णय



चाण्क्य भूमि,(मझौलिया)

**मझौलिया**।शुक्रवार को अहवर कुड़िया पंचायत के वार्ड नं.06 में ग्रामीणों ने रोड नही तो वोट नही की मांग को लेकर वोट वहिष्कार का निर्णय लिया।वार्ड नं 06 के वार्ड पति बबलू अंसारी ने बताया कि वर्ष 2019 में ही विद्यायक रेणु देवी तथा सांसद डॉ.संजय जायसवाल ने आलमगंज बाजार से लेकर सुखलही पुल तक पक्की सड़क निर्माण कराने का आश्वासन दिया,परन्तु पांच वर्षों बाद भी इस सड़क का पक्कीकरण नही किया गया।ग्रामीणों में चंद्रदेव पासवान,अनूप कुशवाहा,सुनील पासवान,गुड्डू साह,राजेश दास,मनोज दास,पारस पासवान,पारस कुशवाहा,राहुल कुमार,दीपक कुमार,संतोष कुमार,आदि ने आलमगंज चौक पर गोलबंद होकर वोट वहिष्कार का निर्णय लिया।ग्रामीणों ने कहा कि पांच वर्षों के अंदर महज एक किलोमीटर से भी कम सड़क का निर्माण नही किया गया।बताया गया है कि वर्षो पूर्व आलमगंज से लेकर सुखलही पुल तक सोलिंग किया गया ,जो कि पूरी तरह टूट गया है।बरसात के दिनों में आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।सैकड़ो अनगिनत गढ्ढे बन गये है।ग्रामीण पूरी तरह वोट वहिष्कार को लेकर दृढ़ संकल्पित हो गये है।इस सिलसिले में ग्रामीणों का एक शिष्ट मंडल डीएम से म8लेकर वस्तु स्थिति से अवगत करायेगा।







# बहन के ससुराल में युवक का शव पेड से लटका मिला

चाणक्य भूमि नौतन

- **घटना नौतन थाना क्षेत्र के बुधवलिया गाँव की है हुई घटना की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने शव को लिया कब्जे में, मामले की गहन जांच शुरू**

नौतन थाना क्षेत्र के दक्षिण तेंलुआ पंचायत के बुधवलिया वार्ड नंबर 12 के बालू मियां केआम के बगीचा में शुक्रवार की सुबह आम के पेड़ से सूरज कुमार नामक युवक का शव लटका पाया गया। घटना से बुधवलिया गाँव में सनसनी फैल गई है। मृतक युवक अपने बहन के घर रहता था। घटना के पिछे प्रथम दृश्या युवक की हत्या कर शव को लटकाने का मामला प्रतीत होता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद मामले की गहन जांच पडताल में जुट गयीं हैं।जानकारी के अनुसार पाठक जी के बाजार स्थित सुंदर पटटी गाँव के मोहन साह का पुत्र सूरज कुमार अपने बहनोई के घर बुधवलियामे रहता था।शुक्रवार की सुबह गाँव के लोग शौच करने निकले तो देखा कि आम के पेड़ से युवक का शव लटका हुआ है।शोर गूल करने पर धीरे धीरे ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगीं। इस घटना की सूचना नौतन थानाध्यक्ष राजेश कुमार को दी गई। थानाध्यक्ष दल बल के साथ स्थल पर पहुंचकर मामले की गहन जांच की और इस बाबत वरीय अधिकारियों को सूचना दी है। पुलिस ने बताया की प्रथम दृश्या देखने से लगता है की युवक के साथ मारपीट कर अन्यत्र हत्या कर पेड से लटका दिया गया।फिर भी पुलिस सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए मामले की बारिकी से जांच कर रहीं हैं। क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि मृतक युवक ने एक लड़की को लेकर कुछ दिन पहले फरार हुआ था। बदले की भावना से युवक के साथ ऐसे घटना को अंजाम दिया गया है। वैसे इस घटना के पिछे जीतनी मुंह उतनी बात की चर्चा सुर्खियों में छाया हुआ है। बताया जाता है कि तीन बहनों में मृतक युवक एकलौता भाई था।पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की उदभेदन करने की बात कह रहीं हैं।

# मृत सिपाही के परिजनों को एसपी बगहा ने दिया 25 लाख का चेक



चाणक्य भूमि बगहा

गोपालगंज जिलाबल द्वारा लोकसभा आम चुनाव के 2024 के तीसरे चरण का चुनाव कराने जाने के क्रम में अनियंत्रित कन्टेनर से धक्का मार देने के कारण गोपालगंज जिला बल के सिपाही/307 पवन महतो, पे०-कृष्ण महतो, सा०-विनवलिया, थाना-लौकरिया, जिला-प० चम्पारण का कर्तव्य के दौरान सक्रिय रूप से शहीद हो गये। पुलिस अधीक्षक महोदय, बगहा द्वारा उक्त सिपाही के परिजन से मुलाकात कर आश्रित पत्नी जानकी देवी को बिहार पुलिस परोपकारी कोष से 25,00,000 (पच्चीस लाख) रूपये चेक के माध्यम से सुपुर्द किया गया ।

# जमीनी विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

चाणक्य भूमि बेतिया

बेतिया के अंचल कार्यालय के समीप अपराधियों ने जमीनी विवाद में युवक को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया है। घायल युवक की पहचान कमलनाथ नगर निवासी प्रभात कुमार पिता विजय प्रसाद के रूप मे हुई है। घायल युवक ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ भू माफिया की नजर है जिसपर पहले से ही न्यायालय में मामला लंबित है। आज अंचलाधिकारी कार्यालय से मामले की जाँच के बाद निकले तो विरोधियों ने उनपर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे उनका एक हाथ बुरी तरह ज़ख्मी हो गया साथ ही जब उनलोगों ने जान लेने की नीयत से लोहे से गर्दन पर हमला किया लेकिन वह बच गए और सर पर चोट लग गई। इस मामले में उन्होंने अपने ऊपर हमले करने वालों की पहचान करते हुये सोने लाल प्रसाद पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद , मुकेश कुमार पिता नामालूम रॉकी कुमार पिता मुन्ना प्रसाद समेत तीन चार अज्ञात लोगों के शामिल होने की बात कही गई है।










# मोदी की गारंटी के भरोसे है संजय जायसवाल की नैया

चाणक्य भूमि बेतिया

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चल रहे जनसंपर्क अभियान के तहत वर्तमान सांसद व एनडीए प्रत्याशी डॉ संजय जायसवाल ने आज बेतिया के बड़का बरवतसेना, हरदिया पूर्वी, हरदिया पश्चमी के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जा कर लोगों से मुलाकात की तथा जीत का आशीर्वाद माँगा। इस मौके पर जीत की गारंटी देते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान चंपारण की जनता का जो स्नेह, प्यार व समर्थन मिल रहा है, वह वास्तव में अद्भुत है। यहां का हर निवासी प्रधानमन्त्री मोदी जी का ब्रांड अम्बेसडर बना हुआ है। दूसरी तरफ विपक्षी दलों के झूठ और दुष्प्रचार से लोग अब चिढ़ने लगे हैं। वास्तव में मोदी जी की गारंटी विपक्ष के हर झूठ पर भारी पड़ रही है। हर कोई मानता है कि विकास के लिए कमल खिलाना और मोदी जी को फिर से प्रधानमन्त्री बनाना जरूरी है।

# जमीनी विवाद में युवक पर जानलेवा हमला

चाणक्य भूमि बेतिया



बेतिया के अंचल कार्यालय के समीप अपराधियों ने जमीनी विवाद में युवक को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया है। घायल युवक की पहचान कमलनाथ नगर निवासी प्रभात कुमार पिता विजय प्रसाद के रूप मे हुई है। घायल युवक ने बताया कि उनकी जमीन पर कुछ भू माफिया की नजर है जिसपर पहले से ही न्यायालय में मामला लंबित है। आज अंचलाधिकारी कार्यालय से मामले की जाँच के बाद निकले तो विरोधियों ने उनपर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे उनका एक हाथ बुरी तरह ज़ख्मी हो गया साथ ही जब उनलोगों ने जान लेने की नीयत से लोहे से गर्दन पर हमला किया लेकिन वह बच गए और सर पर चोट लग गई। इस मामले में उन्होंने अपने ऊपर हमले करने वालों की पहचान करते हुये सोने लाल प्रसाद पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद , मुकेश कुमार पिता नामालूम रॉकी कुमार पिता मुन्ना प्रसाद समेत तीन चार अज्ञात लोगों के शामिल होने की बात कही गई है।

प्रभात कुमार
पिता विजय prashad
कमलनाथ नगर वार्ड 16
आरोपी
Sonelal प्रसाद पिता स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद barbat sena सेना मुकेश कुमार रॉकी कुमार पिता. मुन्ना प्रसाद barwat pasrain
केश नंबर 437/2023





# बगहा में महिला की संदेहास्पद मौत






चाण्क्य भूमि(बगहा )

बगहा ।शुक्रवार को कैलाश नगर वार्ड चार में संदिग्ध की स्थिति में एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पटखौली थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेजा । मृत महिला अंगिरा देवी बगहा के कैलाश नगर निवासी नकुल शर्मा की पत्नी है। सूचना पर पहुंचे पटखौली थानाध्यक्ष अनीष कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले में अनुसंधान शुरू कर दिया है। बताया गया है कि घटना के समय मृतक का पति नकुल शर्मा मजदूरी के लिए घर से बाहर गया हुआ था। घर पर अंगिरा और उसकी सास थी। लेकिन घटना के बाद वह घर छोड़कर फरार है। इधर मृतक के चाचा अमरनाथ ने बताया कि अंगिरा की उसके सास के साथ बराबर झगड़ा होते रहता था। जिसकी सूचना अंगिरा के द्वारा उन लोगों को फोन पर अक्सर दी जा रही थी।बहरहाल इस घटना से क्षेत्र में सनसनी है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा ।सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714